प्रस्तावना

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली–2015 के नियम–19(1) के अन्तर्गत पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के आधारभूत प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम निर्धारित किये जाने का प्रावधान है। अन्तिम बार वर्ष–2015 में दिनाँक 24/25–12–2015 को आरक्षी नागरिक पुलिस का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया था। वर्तमान में समसामयिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण उ0प्र0 द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को संशोधित/रिवाइज्ड करने हेतु निम्नवत् पाठ्यक्रम समिति का गठन किया गया था :–

1– श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, डॉ0 भीमराव आम्बेडकर उ0प्र0 पुलिस अकादमी, मुरादाबाद – अध्यक्ष
2– श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अकादमी, मुरादाबाद – सदस्य
3– श्री प्रताप गोपेन्द्र , पुलिस अधीक्षक पी0टी0एस0, मुरादाबाद – सदस्य
4– श्री देवेन्द्र भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक, पी0टी0सी0, मुरादाबाद – सदस्य

2– उक्त पाठ्यक्रम समिति द्वारा आरक्षी ना0पु0 का संशोधित/रिवाइज्ड पाठ्यक्रम दिनाँक 19–06–2018 को प्रशिक्षण निदेशालय में प्रस्तुत की गई, जिसका पुर्नपरीक्षण प्रशिक्षण निदेशालय स्तर पर किया गया एवं प्रशिक्षण निदेशालय के पत्र संख्या प्रनि–प–289/2018 दिनाँक 22–06–2018 द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्रस्ताव पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को प्रेषित किया गया।

3– पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के कार्यालय ज्ञापः डीजी–चार–173(32) 2008 दिनाँकित 29 दिसम्बर 2015 द्वारा पाठ्यक्रम निर्धारित करके जारी किया गया है। उक्त कार्यालय ज्ञाप को इस पुस्तिका के रूप में छापा जा रहा है।

4– आरक्षी नागरिक पुलिस के आधारभूत प्रशिक्षण की संरचना निम्नवत् निर्धारित की गई है।

1– 06 माह का आधारभूत प्रशिक्षण संस्थानों में
2– 06 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण जनपदों में

5– इस पाठ्यक्रम में आरक्षी नागरिक पुलिस प्रशिक्षुओं को शिष्ट–विनम्र–जनोन्मुख एवं सेवोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने का उद्देश्य एवं जन सहमति एवं सहभागिता के साथ पुलिस कार्य करने का कौशल एवं मनोवृत्ति विकसित करने, उन्हें आत्मसम्मानी बनाने, उनके अन्दर प्रजातांत्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतन्त्रता के प्रति आदर जागृति कराने पर जोर दिया गया है।

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक
उ0प्र0 लखनऊ

पत्रसंख्या–डीजी–चार–173(96)/2018
दिनांकः 26 मार्च, 2019

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश
कार्यालय ज्ञाप
संख्या–डीजी–चार–173(96)/2018
दिनांकः 02–07–2018

विषयः– आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण पाठयक्रम का निर्धारण।

सामान्य

1. उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण तत्समय प्रभावी सेवा नियमावली एवं नियमों के अनुसार कराया जायेगा।
2. भर्ती के दिनांक से जनपदों में व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण करने तक प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को ''प्रशिक्षु आरक्षी'' (Trainee Constable) के नाम से सम्बोधित किया जायेगा।
3. **प्रशिक्षण कार्यक्रम की संरचनाः–**

आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत होगाः–

1– 06 माह का आधारभूत प्रशिक्षण लगातार संस्थानों में
2– 06 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण लगातार जनपदों में

प्रारम्भिक प्रशिक्षण (जे0टी0सी0)

4. प्रशिक्षु आरक्षियों द्वारा एक प्रशिक्षण रजिस्टर बनाया जायेगा, जिसमें प्रतिदिन उनके द्वारा की जा रही ट्रेनिंग के संबंध में संक्षिप्त टिप्पणी की जायेगी, जिसमें अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण तथा बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के बारे में लिखा जायेगा।
5. प्रशिक्षु आरक्षियों की भर्ती के पश्चात् विभिन्न जनपदों की पुलिस लाइन में उन्हें कुछ समय के लिए (30 दिवस से अनधिक) प्रारम्भिक परिचयात्मक प्रशिक्षण दिया जायेगा। सम्बन्धित जिला प्रभारी रिक्रूटों के आगमन पर निम्नलिखित निर्देशों का पालन करेंगेः–

(क) आगमन के पश्चात् प्रशिक्षु आरक्षियों का नामिनल रोल फार्म भरवाये जायेंगे, जिस पर नवीनतम फोटो भी लगवाया जायेगा।

(ख) आगमन के समय ही भोजन व्यवस्था हेतु प्रत्येक प्रशिक्षु से मेस एडवान्स जमा कराया जायेगा। प्राप्त धनराशि की रसीद प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षु आरक्षी को प्रदान की जायेगी, तथा गहन प्रशिक्षण में भेजे जाते समय भोजन व्यय काटकर, शेष धनराशि उसे वापस कर दी जायेगी।

(ग) समस्त रिक्रूट आरक्षियों के आगमन के अगले दिन, प्रशिक्षुओं की एक

जीरो परेड करायी जायेगी, जिसमें उन्हें पुलिस लाइन का पूर्ण भ्रमण कराया जायेगा तथा जनपद के मुख्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस तथा अन्य विभागों के बारे में जानकारी करायी जायेगी।

(घ) जनपद पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षुओं को वर्दी की वे वस्तुयें उपलब्ध करायेंगे, जिनकी आपूर्ति पुलिस मुख्यालय द्वारा की जाती है। इसके अतिरिक्त जो वर्दी/सामग्री जनपद स्तर से क्रय करके उपलब्ध करायी जाती है, वह भी उपलब्ध करा दी जायेगी। वर्दी के साथ सभी के किट कार्ड भी बनवा दिये जाएं।

(च) जनपद पुलिस अधीक्षक सभी प्रशिक्षु आरक्षियों की चरित्र पंजी तैयार करायेंगे।

(छ) प्रारम्भिक प्रशिक्षण की अवधि में रिक्रूटों को विशेष रूप से वर्दी का रख–रखाव तथा उसको पहनना, वर्दी तथा सादे कपड़ों में अधिकारियों का अभिवादन करना, सावधान एवं विश्राम बनाना, पुलिस अधिकारियों के रैंक एवं अलंकारों का ज्ञान, परेड ग्राउण्ड, गणना स्थल, भोजनालय एवं बैरक आवास के अनुशासन का विधिवत् ज्ञान कराया जायेगा।

(ज) जिला पुलिस प्रभारी जे0टी0सी0 प्रगति पत्र एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित फोटोयुक्त परिचय पत्र तैयार कराकर, प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ ही सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थाओं को सीधे भेजेंगे। परिचय–पत्र, संस्था द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों को वितरित किये जायेंगे।

(झ) पुलिस अधीक्षक प्रति सप्ताह कम से कम एक बार इन प्रशिक्षु आरक्षियों से साक्षात्कार करेंगे।

गहन प्रशिक्षण (प्रशिक्षण संस्थान)

6. यहाँ ''संस्था प्रमुख'' का तात्पर्य प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त वरिष्ठतम प्रभारी अधिकारी अथवा जनपद में नियुक्त जिला पुलिस प्रभारी तथा पी0ए0सी0 वाहिनियों में नियुक्त प्रभारी सेनानायक से है।

7. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रशिक्षु के प्रगति पत्रों का भली–भाँति अवलोकन किया जायेगा। यदि किसी प्रगति पत्र में कोई त्रुटि या कमी है तो सम्बन्धित जनपद प्रभारी से पत्राचार करके उसका निवारण कराया जायेगा। सभी प्रशिक्षु की चरित्र पंजिकाएँ उनके जनपदों से प्राप्त करके उसका परीक्षण कर लिया जाये, यदि कोई विसंगति पाई जाए तो उसका समाधान करा लिया जाए।

8. **आवास**

समस्त प्रशिक्षु आरक्षियों के लिए बैरक व अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी। आवास उपलब्ध कराया जायेगा, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बिजली व्यवस्था, पंखे तथा बेड की व्यवस्था की जायेगी। किसी प्रशिक्षु को निर्धारित बैरक आवास के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर निवास की अनुमति नहीं दी जायेगी।

9. भोजन व्यवस्था

(क) समस्त प्रशिक्षु आरक्षियों को प्रशिक्षण केन्द्र के अन्दर उनके लिए निर्धारित भोजनालय में ही भोजन करना अनिवार्य होगा।

(ख) भोजन व्यवस्था के लिए आगमन के समय ही मेस एडवांस के रूप में पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्धारित धनराशि प्रशिक्षुओं से जमा करायी जायेगी। प्राप्त धनराशि की रसीद प्रत्येक प्रशिक्षु आरक्षी को प्रदान की जायेगी, तथा दीक्षान्त समारोह के उपरान्त भोजन व्यय समायोजित करके शेष धनराशि की वापसी सुनिश्चित की जायेगी।

(ग) मेस का पूर्ण संचालन स्वयं प्रशिक्षुओं द्वारा अपने ही बीच में से चयनित मेस प्रबन्धन समिति द्वारा किया जायेगा।

(घ) भोजन करते समय भोजनालय में लुंगी, गमछा आदि नहीं पहना जायेगा, निर्धारित की गयी पोशाक ही पहनी जायेगी।

(च) भोजन करते समय भोजनालय में प्रशिक्षुओं द्वारा उचित(यथा निर्देशित) परिधान पहना जायेगा। भोजन, भोजनालय में निर्धारित स्थान पर बैठकर किया जायेगा।

(छ) प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख द्वारा संस्था कटिंग के रूप में जो भी जनशक्ति अथवा सुविधाएँ उपलब्ध करायी जायेगी वे लाभ/हानि रहित (No Profit No Loss) होंगी। परन्तु यह कटौती किसी भी दशा में रू0 600/– प्रतिमाह से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वे सुविधाएँ जिनका भुगतान सामूहिक रूप से किया जाना है, इस हेतु गठित संयुक्त समिति जिसमें प्रशिक्षु आरक्षी भी शामिल होंगे के द्वारा राशि निर्धारित कर उपलब्ध करायी जायेगी। प्रशिक्षण के अन्त में कटौती की शेष धनराशि प्राप्त अंश के अनुपात में उसी बैच के प्रशिक्षुओं में वितरित कर दी जायेगी।

10. दिवसाधिकारी

प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रतिदिन एक बाह्य विषय का प्रशिक्षक दिवसाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जायेगा। उसका कर्त्तव्य होगा, कि वह प्रशिक्षु आरक्षियों के मध्य अनुशासन एवं सुव्यवस्था बनाये रखे। किसी उल्लेखनीय बात की सूचना तुरन्त प्रतिसार निरीक्षक/उच्चाधिकारियों को दी जायेगी। ग्राउण्ड से मेस/बैरक से क्लास रूम, क्रीड़ा स्थल के मध्य संचरण, व्यवस्थित एवं सुसंस्कृत ढंग से किया जायेगा।

11. विद्यालय

प्रशिक्षुओं को अन्तः एवं बाह्य विषयों का प्रशिक्षण प्रस्तर–30 एवं 31 में दिये गये विषयों पर कराया जायेगा। परिशिष्टों में दिये गये पाठ्यक्रम के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। आन्तरिक विषयों का विस्तृत पाठ्यक्रम परिशिष्ट–1 तथा बाह्य विषयों का विस्तृत पाठ्यक्रम परिशिष्ट–2 में दिये गये विवरण के अनुसार होगा।

प्रत्येक प्रशिक्षु को पाठ्यक्रम की भी एक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

12. पुस्तकालय एवं वाचनालय

प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र पर एक पुस्तकालय की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों तथा विभागीय ज्ञान से संबंधित पत्रिकायें इत्यादि रखी जायेंगी।

13. मनोरंजन

प्रशिक्षुओं के मनोरंजन के लिए मनोरंजन–गृह में टेलीविजन तथा इण्डोर गेम्स यथा कैरम बोर्ड, चेस इत्यादि की व्यवस्था होगी। प्रशिक्षुओं के लिए उनकी संख्या के अनुपात में समाचार पत्रों की व्यवस्था होगी।

14. सूचना पट्ट

प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं के बैरक के निकट एक सूचना पट्ट की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें प्रशिक्षुओं से सम्बन्धित सूचनाएं एवं आवश्यक आदेश/निर्देश चस्पा किये जायेंगे।

15. सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका

(1) प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं के आवास के निकट एक सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका रखी जायेगी, जिसमें प्राप्त सुझाव एवं शिकायतों का निराकरण संस्था के प्रभारी द्वारा स्वयं किया जायेगा।

(2) यह पेटिका प्रतिदिन संस्था प्रमुख या अन्य वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

(3) सभी सुझाव/शिकायतों को क्रमवार एक रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा एवं उसी में कृत कार्यवाही भी दर्ज की जायेगी।

16. मासिक सम्मेलन

प्रत्येक माह प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों का मासिक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसमें प्राप्त सुझावों/समस्याओं को एक रजिस्टर में क्रमवार दर्ज किया जायेगा, और अगले सम्मेलन में कृत कार्यवाही भी दर्ज की जायेगी।

17. परिधान

प्रत्येक प्रशिक्षु को मौसम के अनुसार परेड/पी0टी0/विद्यालय में निर्धारित वर्दी पहननी होगी। प्रत्येक बृहस्पतिवार को अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की क्लास में प्रशिक्षु सादा परिधान धारण करेंगे।

18. खेल–कूद

प्रत्येक प्रशिक्षु आरक्षी को प्रशिक्षण अवधि में खेलकूद में भाग लेना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी खेल–कूद के लिए बालीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, हॉकी, कबड्डी, कुश्ती तथा तैराकी हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षुओं को मोटर साइकिल प्रशिक्षण हेतु संस्था द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जायेगी।

19. चिकित्सा सुविधा

समस्त प्रशिक्षु आरक्षियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी

जायेगी। विशेष दशा में चिकित्सा अधिकारी की संस्तुति पर अन्यत्र उपचार की व्यवस्था करायी जायेगी एवं जिस प्रशिक्षण केन्द्र से चिकित्सालय काफी दूर स्थित होगा, वहाँ पर प्रशिक्षु के उपचार हेतु प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी से सम्पर्क करके उपचार की व्यवस्था करेंगे।

20. अवकाश

(क) आधारभूत प्रशिक्षण की अवधि में किसी भी प्रशिक्षणार्थी को सामान्य रूप से कोई आकस्मिक अवकाश नहीं दिया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थिति में संस्था प्रभारी द्वारा एक बार में अधिकतम् 03 दिवस तथा पूरे सत्र के दौरान अधिकतम् 06 दिवस तक आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों द्वारा लिये गये अवकाशों की सूचना जनपदीय वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेषित की जायेगी। इसी प्रकार गहन प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों द्वारा लिये गये अवकाशों की सूचना संस्था प्रमुख द्वारा जनपदीय वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की जायेगी।

(ख) प्रशिक्षण की अवधि में बिना अनुमति अनुपस्थिति, अवकाश से विलम्ब से आगमन या झूठे आधार पर अवकाश प्राप्त करना एक गम्भीर कदाचरण है। ऐसे प्रशिक्षु आरक्षी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी, और सेवामुक्त किये जाने पर विचार किया जायेगा।

(ग) विशेष अवसर पर संस्था प्रमुख द्वारा सामूहिक अवकाश/अनुमति दी जा सकेगी। अन्य महत्वपूर्ण त्यौहारों, जिनमें कई दिन का आकस्मिक अवकाश रहता है, उन अवसरों पर संस्था प्रमुख द्वारा सामूहिक अवकाश इस प्रकार दिया जा सकेगा, जिससे प्रशिक्षण प्रभावित न हो। प्रशिक्षण निदेशालय इसका अनुश्रवण अपने स्तर से करता रहेगा।

21. प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थिति

(1) प्रशिक्षण के दौरान किसी भी कारणवश 15 कार्य दिवस से अनधिक अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थी को उसी चरण में अतिरिक्त प्रशिक्षण देकर कोर्स पूरा कराया जायेगा।

(2) पूरे प्रशिक्षण काल में 15 दिवस से अधिक किन्तु 30 दिवस तक अवकाश या किसी भी अन्य कारण से अनुपस्थित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अन्तिम परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(3) प्रशिक्षण के दौरान 15 दिवस से अधिक तथा 30 दिवस तक किसी भी कारण से अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अलग से 06 सप्ताह का एक पूरक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा और उसके उपरान्त उनकी समस्त परीक्षायें सम्पन्न करायी जायेंगी।

(4) किसी भी कारण से पूरे प्रशिक्षण काल में 30 दिवस से अधिक अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थी को उसके नियुक्ति के जनपद को वापस कर दिया जायेगा। उसके नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस अनुपस्थिति के सम्बन्ध में प्रारम्भिक जाँच कराकर यह समाधान किया जायेगा, कि क्या उक्त अनुपस्थिति ऐसी प्रकृति की है कि उसे समुचित चेतावनी अथवा दण्ड देकर अगले बैच के साथ पुनः

आधारभूत प्रशिक्षण करा दिया जाये, अथवा उक्त अनुपस्थिति बिना किसी आधार के है और अत्यन्त प्रमाद एवं लापरवाही पूर्ण है तथा उससे ऐसा निष्कर्ष निकलता है कि उक्त प्रशिक्षणार्थी के एक अच्छे एवं सुयोग्य पुलिस कर्मी के रूप में विकसित होने की सम्भावना नहीं है तो ऐसी स्थिति में ''उ0प्र0 पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली–2015'' के नियम 20 के अन्तर्गत उसकी सेवायें समाप्त कर सकते हैं।

(5) यदि नियुक्ति प्राधिकारी उपरोक्त प्रस्तर–4 के अन्तर्गत इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि इन्हें प्रशिक्षण का मौका पुनः दिया जाना चाहिए तो वे तद्नुसार प्रशिक्षण निदेशालय को सूचित करेंगे। प्रशिक्षण निदेशालय अगले आधारभूत प्रशिक्षण कोर्स में उन्हें शामिल करने का निर्णय लेकर नियुक्ति प्राधिकारी को सूचित करेगा तथा नियुक्ति प्राधिकारी उसे समय से आधारभूत प्रशिक्षण में भेज सकेंगे।

(6) प्रशिक्षणार्थियों के वेतन के संबंध में ''उ0प्र0 पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली–2015 के नियम 23, 24 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।''

22. महिला प्रशिक्षु आरक्षी द्वारा गर्भ धारण

(1) आगमन के समय प्रत्येक महिला प्रशिक्षु इस बात का घोषणा पत्र देगी कि वह गर्भवती नहीं है, तथा यदि प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती होती है, तो उसको तत्काल प्रशिक्षण से वापस कर दिया जायेगा।

(2) यदि किसी महिला को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के एक वर्ष के अन्दर प्रसव हुआ है तो प्रशिक्षण में शामिल होने के पूर्व उसे अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रशिक्षण हेतु फिट होने का प्रमाण–पत्र देना होगा। राज्य से बाहर की निवासी महिला को यह प्रमाण–पत्र संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के जनपद में स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी से प्राप्त करना होगा।

(3) ऐसी गर्भवती महिलाओं को शेष प्रशिक्षण उनके प्रसूति की तिथि के एक वर्ष बाद आगामी प्रशिक्षण सत्र के साथ कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी। यह प्रशिक्षण उसी स्तर से पुनः आरम्भ होगा जहाँ से छोड़ा गया था।

23. श्रमदान

श्रमदान पुलिस प्रशिक्षण की दृष्टि से अत्यंत अहम विषय है। श्रमदान का कार्य केवल बृहस्पतिवार एवं रविवार को पूर्वान्ह में ही कराया जाए, जिसमें परेड ग्राउण्ड, क्वार्टर गार्द, बैरक एवं बैरक एरिया, गार्डेन की सफाई व रख–रखाव का कार्य कराया जाए। कार्य दिवसों में बाह्य एवं अन्तः विषयों के कालांशों में कोई श्रमदान नहीं कराया जायेगा।

24. परीक्षा

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अन्तर्गत दर्शाये गये परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। प्रशिक्षण की समाप्ति पर अनुत्तीर्ण होने पर पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ से निर्गत निर्देशानुसार पूरक प्रशिक्षण कराया जायेगा। नकल करते हुये पकड़ा जाना, एक गम्भीर दुराचरण है। नकल करते

हुये पकड़े जाने पर जाँच के उपरान्त समुचित अनुशासनात्मक कार्यवाही, जो अनुशासनिक अधिकारी उचित समझे की जायेगी। उक्त विषय की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा। यदि प्रशिक्षु को सेवा से बर्खास्त नहीं किया जाता है तो उसे पूरक प्रशिक्षण के साथ दुबारा उस विषय की परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जायेगा। परीक्षाएं, प्रभारी प्रशिक्षण केन्द्र अपने निकट पर्यवेक्षण में इस प्रकार स्वयं उपस्थित रहकर आयोजित करेंगे कि नकल न होने पाए।

25. पुरस्कार

प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रत्येक आन्तरिक एवं बाह्य विषयों के प्राप्तांकों में प्रथम स्थान पाने वाले तथा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी द्वारा प्रदत्त अंकों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिक्रूटों को पुरस्कृत किया जायेगा। आन्तरिक विषयों एवं बाह्य विषयों के प्राप्तांकों के योग में प्रथम/सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी एवं परेड कमाण्डर प्रथम एवं द्वितीय को भी पुरस्कृत किया जायेगा। प्रशिक्षण में विशेष अभिरूचि रखने वाले उत्कृष्ट उप निरीक्षक अध्यापक, आई0टी0आई0/पी0टी0आई0 को भी प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी द्वारा अलग से पुरस्कृत किया जायेगा।

26. पर्यवेक्षण

प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण, संलग्न पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख द्वारा चयनित राजपत्रित अधिकारी प्रशिक्षण का प्रभारी होगा। प्रत्येक सप्ताह में एक पीरियड ट्यूटोरियल होगा। प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न टोलियों से लेकर एक क्लास बनाई जायेगी। एक क्लास टीचर नियुक्त होगा, जो प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी का ट्यूटोरियल लेगा और प्रशिक्षणार्थी की प्रगति से संस्था प्रभारी को अवगत करायेगा। प्रत्येक माह के अन्त में हर विषय से संबंधित एक केस स्टडी को, जिसका विषय प्रभारी द्वारा विधिवत् रिक्रूटों को समझाया जायेगा, प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। प्रत्येक प्रशिक्षु को पुलिस के विभिन्न विषयों पर लिखित रिपोर्ट तैयार करने ऑडियो–विजुअल, मौखिक अभ्यास कर पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण कराया जाएगा। आन्तरिक विषय के प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु पुलिस निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं अध्यापक उत्तरदायी होंगे तथा बाह्य विषयों के प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु आर0आई0 अथवा प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी द्वारा नामित किये गये बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण प्रभारी उत्तरदायी होंगे। राजपत्रित अधिकारीगण भी कक्षाएं अवश्य लेंगे।

27. प्रशिक्षकों के लिए निर्देशः–

(क)–सामान्य निर्देश–

प्रशिक्षुओं के आत्म–सम्मान को चोट न पहुँचने पाये। उन्हें स्वयं अपना तथा दूसरे का सम्मान करना सिखाया जाये। आवश्यक है कि उनमें हीन–भावना न पनपने पाये और यदि पूर्व से ऐसी भावना हो तो उसे निकाला जाये। एक आत्मसम्मान वाला आरक्षी ही नागरिकों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करेगा।

प्रशिक्षुओं में अपने कृत्यों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने का साहस पैदा किया जाये। हानि की कीमत पर भी असत्य का सहारा न लेने की भावना जागृत

की जाये।

प्रशिक्षुओं के अन्दर प्रजातांत्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतन्त्रता की भावना जागृत करना प्रशिक्षकों का प्रमुख दायित्व है। उन्हें प्रशिक्षित किया जाये कि अशिष्ट/उद्दण्ड व्यवहार करने वाले व्यक्ति को भी बिना उत्तेजित हुये, शिष्ट शब्दों से वार्ता करके शान्त करने का कौशल उनमें आ जाये।

प्रशिक्षुओं को व्यक्तियों से सम्मानजनक व्यवहार का बोध एवं अभ्यास कराया जाये, चाहे वह व्यक्ति पीड़ित हो, अभियुक्त हो, घायल हो अथवा बन्दी हो। जिन व्यक्तियों के ऊपर बल प्रयोग किया जाये, उनके साथ भी शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। घायलों/शवों को उठाते/परिवहन करते समय व्यक्ति की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाये।

प्रशिक्षुओं में अपनी गलती होने पर क्षमा प्रार्थना करना/खेद व्यक्त करना आवश्यक है। नागरिकों को असुविधा होने पर भी क्षमा मांगना उच्चकोटि के शिष्टाचार का द्योतक है। उदाहरणार्थ– तलाशी लेने से पूर्व या गिरफ्तारी करते समय ''क्षमा करियेगा/माफ करियेगा'' इत्यादि संबोधन उचित है। नागरिकों को उनके द्वारा दिये गये किसी भी सहयोग के लिये धन्यवाद अवश्य दिया जाना चाहिये। इसका बोध तथा अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया जाये।

(ख)–अन्तःकक्षीय प्रशिक्षकों के लिए निर्देशः–

1. प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी प्रत्येक सप्ताह का टाइम टेबिल जारी करेंगे।
2. प्रशिक्षकों से अपेक्षा की जाती है, कि वह लैसन प्लान के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करें।
3. प्रशिक्षकों से अपेक्षा की जाती है, कि कालाँश के लिये उच्च कोटि (प्रमाणित) पुस्तक से पाठ पहले ही तैयार कर लें। प्रशिक्षक इसमें अपने व्यवहारिक व उपयोगी अनुभव का समावेश भी करें।
4. पाठ्य सामग्री, प्रशिक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व ही प्रशिक्षुओं को उपलब्ध करा दी जाये, जिससे वे स्वयं तैयार होकर आयें और कक्ष प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठा सकें।
5. विषय वस्तु स्लाइड व पिक्चर पर तैयार करें एवं यथासम्भव पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत करें।
6. प्रशिक्षणार्थी को व्यवहारिक ज्ञान, सुरक्षा/वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी व अन्य ड्यूटी आदि के पूर्व मौलिक सिद्धान्त समझाये।
7. ऐसे प्रश्न तैयार किये जायें, जिसके उत्तर में, पाठ के महत्वपूर्ण अंश सम्मिलित हों। पाठ को रटने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन न दिया जाये।
8. सही वर्दी धारण करें, जिससे फुर्तीलापन प्रदर्शित हो एवं उसका रख–रखाव भी साफ–सुथरा हो।
9. प्रत्येक कालाँश में प्रश्न पूछने के लिए कुछ समय दें अर्थात् संदेहो को दूर करें।
10. कमजोर प्रशिक्षणार्थियों पर विशेष ध्यान दें तथा तेजस्वी प्रशिक्षणार्थियों

का उत्साह बढ़ायें।

11. ज्ञान जन सेवा के लिए है, अतः प्रत्येक विषय या अंश का क्रियात्मक अभ्यास अवश्य कराया जाये।
12. कतिपय महत्वपूर्ण लेखात्मक कार्यों का अभ्यास कराया जाये। निम्न अभिलेखों को तैयार करने का अभ्यास कराया जाय–जी.डी. लेखन, एफ. आइ.आर. लेखन, एन.सी.आर. लेखन, अभिलेखों में प्रविष्टियाँ, गिरफ्तारी एवं फर्द गिरफ्तारी, जामा तलाशी एवं फर्द, खाना तलाशी एवं फर्द, बीट सूचना अंकित करना, अभिसूचना रिपोर्ट तैयार करना, जी.डी. में माल/मुल्जिम का दाखिला, मालखाना रजिस्टर में प्रविष्टि, वाहन की तलाशी लेना, अपराधियों के शक पर वाहन/घर की तलाशी, कार्यालय की तलाशी, चिट्ठी मजरूबी तैयार करना, यौन अपराध पीड़ित महिला से सहानुभूतिपूर्वक बर्ताव करना, पीड़ित व्यक्ति से आवश्यकतानुसार साक्षात्कार करना, अभियुक्तों को अदालत में पेश करना, घटनास्थल को सुरक्षित रखना, मानव शव को उठाना, सील करना, परिवहन एवं अन्तिम संस्कार, बल प्रयोग के मौके से घायलों को उठाना, फर्स्ट एड एवं चिकित्सालय भेजना।
13. प्रशिक्षुओं को निम्नलिखित तीन विषयों का अभ्यास कराकर दक्षता प्राप्त करायी जाय–
    1. कृत्रिम घटनाक्रम बनाकर उसकी जाँचें करना तथा जाँच आख्या तैयार करना।
    2. किसी विषय पर निबन्ध लिखना।
    3. किसी लेख को पढ़कर उसका संक्षिप्तीकरण (Precis) लिखना।

(ग)–बाह्य कक्षीय प्रशिक्षकों के लिए निर्देशः–

1. पाठ को सुविधाजनक भागों (कालांशों) में विभाजित करें तथा सबक चलायें ।
2. विषय के अनुसार हिन्दी में व्याख्या करें।
3. अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन द्वारा नमूना दें।
4. विभिन्न हरकतों को एक–एक करके प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी से कराया जाय, ताकि उसको पूरा ज्ञान हो सके।
5. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी की त्रुटियों को व्यक्तिगत रूप से नाम से पुकार कर सही करें। अनावश्यक टीका–टिप्पणी न करें। जब तक कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी उससे भिज्ञ न हो जाये कि सही क्या है, तब तक अतिरिक्त समय में विशेष कालाँश में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित करें। इस बात का ध्यान रखा जाए कि प्रशिक्षुओं का मनोबल न गिरने पाये।
6. किसी प्रशिक्षणार्थी को खराब हरकत करने की अनुमति कभी भी न दें।
7. वर्ड ऑफ कमाण्ड तेज व साफ शब्दों में दें।
8. शारीरिक प्रशिक्षण के पाठ इस प्रकार सिखायें जो उसके पूरे जीवन के

लिए लाभकारी हो।

9. खेल, तैराकी, एथलेटिक्स व कठिन बाधाओं को पार करने में रूचि उत्पन्न करायें।
10. प्रशिक्षणार्थियों की रूचि के अनुसार जूडो–कराटे/कुश्ती/ बाक्सिंग आदि विभाजित कर टोलियों में आयोजित करायें।
11. बाह्य विषयों के प्रशिक्षण को पाठयक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी द्वारा नामित बाह्य प्रशिक्षण प्रभारी उत्तरदायी होगें।

(घ) व्यवहारिक अभ्यास–

आउटडोर के समस्त विषयों का व्यवहारिक अभ्यास अवश्य करायें। उदाहरणार्थ–घर की तलाशी, जंगल का कार्डन व तलाशी, आबादी वाले क्षेत्र का कार्डन व तलाशी, वाहन की तलाशी, जमीनी आड़/छिपाव हासिल करते हुये सशस्त्र व्यक्तियों का पीछा करना एवं फायर करना/ दबोचना, बन्द कमरे/भवन में दाखिल होना, भवन के अन्दर प्रवेश एवं सशस्त्र कार्यवाही, हिंसक भीड़ पर बल प्रयोग, हिंसक व्यक्ति को बिना शारीरिक चोट पहुँचाये हुए बन्दी बनाना/परिरूद्ध करना, अशिष्ट/उद्दण्ड व्यक्ति को बिना उत्तेजित हुये वार्ता करना एवं उसे शान्त करना इत्यादि का पर्याप्त अभ्यास कराया जाये।

28. पूर्ण अवधि को निम्नवत विभाजित किया जायेगा :–

क्र0 सं0	विषय	अवधि (06 माह)
1	अवधि (06 माह)	180
2	रविवार एवं अवकाश की संख्या	35
3	''जीरो डे''	01
4	अन्तः एवं बाह्य विषय परीक्षा एवं दीक्षान्त परेड का अभ्यास	16
5	सामूहिक–अवकाश	03
6	प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध कुल दिन	125
7	कांलाश– प्रतिदिन	अन्तःविषय– 06 कालांश बाह्य विषय– 05 कालांश
8	कुल कालांश	अन्तःविषय–125X6 = 750 कालाँश बाह्य विषय–125X5 = 625 कालाँश
9	कुल कालांशों की संख्या	1375
10	प्रति कालांश समयावधि	40 मिनट

1. <u>अन्तः एवं बाह्य प्रशिक्षण के मध्य कालाँशों/अंकों का विभाजन निम्नवत होगाः–</u>

क्र0सं0	विषय	कालांश	अंक
1.	अंतः कक्षीय	750	800
2.	बाह्य कक्षीय	625	600
3.	प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख का मूल्यांकन	–	100
	कुल योग	**1375**	**1500**

<u>नोट–</u> 06 माह का प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त अन्तिम परीक्षा आयोजित की जायेगी। इनका परीक्षाफल प्रशिक्षण निदेशालय को भेजा जायेगा। साथ में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की सूची मय प्राप्तांक के प्रेषित की जायेगी।

29. अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण के कालाँश एवं अंकों का अन्तिम रूप निम्नवत होगा :–

क्र0 सं0	प्रश्न पत्र	विषय वस्तु	कालाँश	पूर्णांक
1	प्रथम	पुलिस का इतिहास, पुलिस संगठन, अर्न्तविभागीय समन्वय, पुलिस कार्यप्रणाली एवं अनुशासन	100	100
2	द्वितीय	पुलिस विज्ञान–प्रथम (अपराध नियन्त्रण, विवेचना, अभियोजन एवं पुलिस रेगुलेशन)	115	125
3	तृतीय	पुलिस विज्ञान–द्वितीय (सुरक्षा, लोक व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन, यातायात नियन्त्रण, पुलिस रेडियो एवं दूरसंचार, गार्द ड्यूटी, बन्दी स्कोर्ट, हवालात ड्यूटी)	110	125
4	चतुर्थ	भारतीय संविधान, मानवाधिकार तथा बाल संरक्षण एवं लैंगिक संवेदनशीलता, पुलिस आचरण, व्यवहार एवं संवाद कौशल	110	125
5	पंचम	अपराध विधि (क्रिमिनल लॉ), भारतीय दण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम,	115	125
6	षष्टम	विविध अधिनियम	100	100
7	सप्तम	कम्प्यूटर ज्ञान एवं साइबर क्राइम	50	50
8	अष्टम	विधि विज्ञान, विधि चिकित्सा शास्त्र, प्राथमिक उपचार	50	50
		योग	750	800

30. बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के कालाँश एवं अंकों का अन्तिम रूप निम्नवत होगा :–

ऽ0 सं0	प्रश्न पत्र	विषय वस्तु	कालाँश	पूर्णांक
1	प्रथम	शारीरिक प्रशिक्षण	100	100
2	द्वितीय	पदाति प्रशिक्षण	100	75
3	तृतीय	शस्त्र प्रशिक्षण	65	65
4	चतुर्थ	जंगल प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट एवं टैक्टिक्स	70	75
5	पंचम	भीड़ नियन्त्रण	40	50
6	षष्टम	अनआर्म्ड काम्बैट (यू0ए0सी0)	35	30
7	सप्तम्	योगासन	40	35
8	अष्टम्	यातायात नियन्त्रण	35	40
9	नवम्	आतंकवाद व डकैती निरोधक प्रशिक्षण एवं वन मिनट ड्रिल	100	85
10	दशम्	विशिष्ट तलाशी अभियान	40	45
योग			**625**	**600**

31. प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा मूल्यांकन हेतु निर्धारित अंक

(अ)

ऽ0सं0	विषय	अंक
1	नेतृत्व क्षमता (कक्षा मॉनीटर/टोली कमाण्डर/मेस मैनेजर एवं अन्य गतिविधियाँ	20
2	खेलकूद	20
3	सांस्कृतिक अभिरूचि	20
4	संस्था प्रमुख द्वारा प्रशिक्षु के समग्र प्रशिक्षण के आधार पर दिये जाने वाले अंक	40
	योग	**100**

(ब) निम्नलिखित प्रकार की अनुशासनहीनता के दृष्टान्तों पर उक्त अंकों में से ऋणात्मक अंक किए जाएंगे–अधिकतम 40 अंक ऋणात्मक

1. गम्भीर अनुशासनहीनता 25 अंक
2. प्रशिक्षण के दौरान अन्तः/बाह्य कक्षा में विलम्ब से आगमन, अनाधिकृत रूप से

अनुपस्थिति, निर्धारित अवकाश से अधिक अवकाश अथवा अवकाश से विलम्ब से वापसी की दशा में 0.5 अंक प्रतिदिन की दर से अधिकतम 15 अंक

3. (आदेश कक्ष) अर्दली रूम में दण्ड 10 अंक
4. डिफाल्टर / चेतावनी 05 अंक

नोट– आरक्षी प्रशिक्षुओं को सिक रेस्ट अथवा अस्पताल में दाखिल होने की स्थिति में उक्त अवधि का अवकाश लेना होगा एवं छूटे हुए प्रशिक्षण की अवधि उसी अनुपात में बढ़ जायेगी।

(स) प्रशिक्षण का उद्देश्य अपेक्षित कर्म कौशल के विकास के साथ–साथ पुलिस सेवा के लिये उपयुक्त एवं स्वीकार्य व्यक्तित्व का निर्माण भी है। प्रधानाचार्य / संस्था प्रमुख के मूल्यांकित 100 अंकों में से 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

32. परीक्षा–

(1)–अन्तः विषयों की परीक्षायें

(क)–प्रशिक्षण की समाप्ति पर पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा केन्द्रीय रूप से अन्तः विषयों की परीक्षायें, परीक्षा समिति द्वारा आयोजित करायी जायेगी। अन्तः विषयों की परीक्षायें वस्तुनिष्ठ (Objective) होगी। प्रत्येक दिन एक प्रश्न–पत्र की परीक्षा आयोजित होगी।

(ख)–सम्पूर्ण प्रदेश में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं हेतु प्रश्न–पत्र / उत्तर पुस्तिकाएं पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 द्वारा निर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मुद्रित कराकर ओ0एम0आर0 प्रणाली से मूल्यांकन कराया जायेगा।

(2)–बाह्य विषयों की परीक्षायें–

(1) समस्त बाह्य प्रशिक्षण की परीक्षायें प्रशिक्षण की समाप्ति पर संस्था प्रमुख द्वारा सम्पन्न करायी जायेंगी। इसके लिये पर्याप्त बाह्य परीक्षक बुलाये जायेंगे। बाह्य प्रशिक्षक पुलिस उपाधीक्षक या अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के होंगे।

(2) निम्नांकित बाह्य विषयों की अन्तिम परीक्षा, प्रशिक्षण की समाप्ति पर उसी समय करा ली जाय। उनमें प्राप्त अंक सील बन्द करके उसी दिन संस्था प्रमुख को प्राप्त करा दिये जायेंगेः–

(1) मोटर साइकिल चलाना एवं रख–रखाव
(2) जंगल प्रशिक्षण (बचाव एवं कार्यवाही संबंधी दो दिवसीय लघु प्रशिक्षण)
(3) खेल तथा जिम
(4) आतंकवाद निरोधक अभियान
(5) डकैती विरोधी अभियान का प्रशिक्षण
(6) विशिष्ट तलाशी अभियान (Special Search Operations)

(3)–न्यूनतम अंक–उत्तीर्ण होने हेतु अन्तः एवं बाह्य विषयों के प्रत्येक विषय / प्रश्न पत्र में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य होंगे।

(4)– <u>पूरक प्रशिक्षण</u>–

(अ) अन्तः एवं बाह्य विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षु आरक्षियों का 06 सप्ताह का पूरक प्रशिक्षण एवं परीक्षा पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप कराई जायेगी। प्रशिक्षण/परीक्षा उन्हीं विषयों की कराई जायेगी, जिसमें वह अनुत्तीर्ण रहे हों।

(ब) परीक्षा में नकल करते हुये पकड़े गये प्रशिक्षु आरक्षियों को उस विषय की परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा। यदि इस कदाचरण पर विचारोपरान्त उसे सेवा से बर्खास्त नहीं किया तो उन्हें अनुत्तीर्ण मानते हुए, उसी विषय में पूरक प्रशिक्षण कराने के उपरान्त परीक्षा कराई जायेगी।

(5)–<u>विशिष्ट प्रशिक्षणार्थी</u>

ऐसे समस्त प्रशिक्षणार्थियों को जो सम्पूर्ण विषयों में प्राप्तांकों के योग में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे, विशिष्ट प्रशिक्षणार्थी (एक्सीलेण्ट कैडेट) घोषित किया जायेगा। विशिष्ट प्रशिक्षणार्थी घोषित करने में उसके द्वारा प्रशिक्षण की अवधि में किये गये विशिष्ट कार्य तथा पुरस्कार आदि को ध्यान में रखा जायेगा, परन्तु ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनके संबंध में प्रतिकूल सूचना प्राप्त हुई हो या जिसका आचरण प्रशिक्षण काल में वांछित स्तर का न रहा हो, विशिष्ट प्रशिक्षणार्थी घोषित नहीं किया जायेगा, भले ही उसने 80 प्रतिशत अंक या उससे अधिक अंक प्राप्त किया हो।

(6) प्रशिक्षुओं के श्रेष्ठताक्रम का निर्धारण वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था के अनुसार निम्न प्रकार किया जायेगा–

(क) प्राप्तांकों के आधार पर।

(ख) प्राप्तांक एवं जन्मतिथि समान होने पर अन्तःविषयों में अधिक अंक प्राप्त करने वाले।

(ग) प्राप्तांक समान होने पर जन्मतिथि के आधार पर अधिक आयु वाले।

(घ) पूरक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले श्रेष्ठताक्रम में सबसे नीचे रखे जाएंगे।

(7) अन्तिम परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षुओं का 06 सप्ताह का पूरक प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षणोपरान्त संबंधित विषयों की पूरक परीक्षा ली जायेगी। इन प्रशिक्षुओं का श्रेष्ठताक्रम मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण सभी प्रशिक्षुओं के श्रेष्ठताक्रम के नीचे उक्तानुसार क्रमशः निर्धारित किया जायेगा। परीक्षा की व्यवस्था इस प्रकार की जाए, जिससे नकल न होने पाए। परीक्षायें, संस्था प्रमुख की उपस्थिति में पर्याप्त पर्यवेक्षण स्टाफ के साथ संपन्न कराई जाएं।

33. प्रशिक्षुओं को आमद कराते ही आंतरिक एवं बाह्य विषयों का पाठ्यक्रम व सामान्य निर्देश की प्रतियां उपलब्ध करा दी जाये तथा पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें भी डॉ0 भीमराव आम्बेडकर उ0प्र0 पुलिस अकादमी, मुरादाबाद तथा आर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर, सीतापुर से प्राप्त कर, उनको उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्हें पाठ्य सामग्री का अध्ययन करके एवं पुस्तकालय से संदर्भ देखकर सैद्धान्तिक पक्ष में तैयार होकर कक्षा में आने हेतु प्रेरित किया जाये, जिससे कक्षा कार्यक्रम अधिकाधिक व्यावहारिक विमर्शोन्मुख एवं शंका समाधान का स्थान/माध्यम बन सके। प्रशिक्षुओं को अधिकाधिक शंकाओं/पृच्छायें करने हेतु

प्रोत्साहित किया जाये। प्रत्येक सैद्धान्तिक इनपुट का व्यावहारिक अभ्यास अवश्य कराया जाये।

34. <u>प्रशिक्षण के दौरान शांति–व्यवस्था ड्यूटी</u>

संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि बिना पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 की अनुमति के प्रशिक्षुओं को शांति–व्यवस्था ड्यूटी में लगाना पूर्णतः वर्जित होगा क्योंकि इससे प्रशिक्षण प्रभावित होता है।

(ओम प्रकाश सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

<u>प्रतिलिपिः</u>–पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। वह कृपया सर्वसम्बन्धित अधिकारियों/ कार्यालयों को इसकी प्रतियाँ अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।

(ओम प्रकाश सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

06 माह के संस्थागत प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम

परिशिष्ट–1
अन्तःकक्षीय विषयों का विस्तृत पाठ्यक्रम
प्रश्न पत्र–प्रथम

(पुलिस का इतिहास, पुलिस संगठन, अर्न्तविभागीय समन्वय, पुलिस कार्यप्रणाली एवं अनुशासन)

कालाँश–100 **पूर्णांक–100**

1. पुलिस का इतिहास–

(1) भारतीय पुलिस का इतिहास (उ0प्र0 के विशेष सन्दर्भ में)
(2) जनतांत्रिक कल्याणकारी राज्य में पुलिस की भूमिका
(3) पुलिस स्मृति दिवस व शहीद
(4) पुलिस कर्मियों हेतु उपलब्धियाँ तथा पुरस्कार
(5) पुलिस के समक्ष वर्तमान चुनौतियाँ
(6) उ0प्र0 पुलिस में बेस्ट प्रैक्टिसेस (1090, यू0पी0 100, वर्चुअल क्लास)

2. पुलिस संगठन–

(क) केन्द्रीय पुलिस संगठन एवं शाखायें–

(1) सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस (CAPF)

बी0एस0एफ0, सी0आर0पी0एफ0, सी0आई0एस0एफ0, आई0टी0बी0पी0, एस0एस0बी0, एन0एस0जी0, एस0पी0जी0

(2) सेन्ट्रल पुलिस आर्गेनाइजेशन (C.P.O.)–

सी0बी0आई0, आई0बी0, आर0ए0डब्लू0, बी0पी0आर0एण्डडी0, एन0आई0ए0, एन0सी0आर0बी, एन0डी0आर0एफ0, एन0सी0बी0, एन0टी0आर0ओ0 (नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन), एन0पी0ए0, सी0एफ0एस0एल0 (नई दिल्ली, चण्डीगढ़, कोलकाता, हैदराबाद), संदिग्ध अभिलेखों का सरकारी परीक्षण कार्यालय (शिमला, कोलकाता, हैदराबाद)

(ख) उ0प्र0 पुलिस संगठन एवं शाखायें–

(1) उ0प्र0 पुलिस का संगठनात्मक ढाँचा (आरक्षी से पुलिस महानिदेशक), पुलिस के प्रतीक चिन्ह, पदक एवं अलंकरण।

(2) पुलिस महानिदेशक कार्यालय एवं शाखायें

पुलिस महानिदेशक कार्यालय, पुलिस महानिदेशक के सहायक का कार्यालय, कार्मिक कार्यालय, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था कार्यालय, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना कार्यालय, क्राइम

ब्रान्च कार्यालय, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, सुरक्षा शाखा, मानवाधिकार प्रकोष्ठ, लोक शिकायत, लीगल सैल, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद, रेलवे पुलिस, 1090 (Women Power Line), महिला सम्मान प्रकोष्ठ, एस0आई0टी0, यातायात निदेशालय, अग्निशमन सेवायें, पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र (एस0सी0आर0बी0), उ0प्र0 विद्युत निगम, सेन्ट्रल स्टोर कानपुर, सेन्ट्रल रिजर्व सीतापुर, राज्य मोटर परिवहन, यू. पी–100, एस0टी0एफ0, ए0टी0एस0।

(3) <u>जोन कार्यालय एवं परिक्षेत्र कार्यालय</u>

(4) <u>पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं जिला स्तरीय शाखायें</u>

1–**<u>पुलिस कार्यालय</u>**

प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक कार्यालय, शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, विशेष जाँच प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, सम्मन सैल, आई0जी0आर0एस0 सैल, क्राइम ब्रांच, रिट सैल, पैरवी सैल, एफ0आई0आर0 सैल, नियन्त्रण कक्ष, रिपीटर कार्यालय,स्थानीय अभिसूचना इकाई

2–**<u>पुलिस लाइन</u>**

प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, शस्त्रागार, जी0डी0 कार्यालय, स्टोर कार्यालय, कैश कार्यालय

3–**<u>गोपनीय कार्यालय</u>**

आशुलिपिक कार्यालय, वाचक कार्यालय, सर्विलान्स सैल, पी0आर0ओ0 सैल, एस0ओ0जी0

<u>4–अन्य कार्यालय</u>

अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय

<u>5–थाना, चौकी एवं बीट</u>– कार्य एवं प्रकार, कार्य वितरण, रोलकॉल एवं ड्यूटी रोस्टर

(5) <u>अन्य राज्य स्तरीय शाखायें</u>

अभियोजन निदेशालय, उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान, उ0प्र0 होमगार्ड्स मुख्यालय, अभिसूचना मुख्यालय, सी0बी0सी0आई0डी0 मुख्यालय, रेडियो मुख्यालय, प्रशिक्षण निदेशालय, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, तकनीकी सेवायें (विधि विज्ञान प्रयोगशाला/फिंगर प्रिन्ट ब्यूरो), पी0ए0सी0 मुख्यालय

<u>नोटः</u>

उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षु आरक्षियों को केन्द्रीय पुलिस बलों का सामान्य ज्ञान एवं राज्य पुलिस संगठन का विस्तृत ज्ञान प्रदान किया जायें।

3. <u>अन्तः विभागीय समन्वयः–</u>

(क) अपराधिक न्याय व्यवस्था की विभिन्न शाखायें

(ख)
(1) राजस्व विभाग
(2) विकास विभाग
(3) पंचायती राज संस्थायें/स्थानीय निकाय
(4) परिवहन विभाग
(5) वन विभाग
(6) खनन विभाग
(7) विद्युत विभाग
(8) आपूर्ति विभाग
(9) शिक्षा विभाग
(10) चिकित्सा विभाग
(11) कारागार विभाग
(12) आबकारी विभाग

(ग) 1–भू–अभिलेख एवं पैमाइश–भूमि क्षेत्रफल प्रणाली (बीघा–विभिन्न प्रकार के बीघे एकड़/हेक्टेयर)–विशेषज्ञ व्याख्यान
2–तहसील दिवस, थाना दिवस तथा श्रावस्ती मॉडल का सामान्य ज्ञान

4. <u>पुलिस कार्यप्रणाली एवं अनुशासन–</u>

(1) उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली– 2008 एवं 2015
(2) उ0प्र0 पुलिस अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी (दण्ड एवं अपील) नियमावली–1991 (महत्वपूर्ण प्रस्तर)
(3) उ0प्र0 राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली–1956 (सामान्य परिचय)
(4) अपेक्षित शिष्टाचार तथा विभागीय गोपनीयता
(5) सेवाभिलेख–चरित्र पंजिका, सेवा–पुस्तिका
(6) ज्वाईनिंग, आमद एवं रवानगी के नियम तथा समस्याओं हेतु आवेदन
(7) वर्दी पहनने के नियम (ड्रैस रेगुलेशन)
(8) नियुक्ति, स्थानान्तरण, यात्रा भत्ता, स्थानान्तरण यात्रा भत्ता
(9) आवासीय सुविधायें–सरकारी मकान आवंटन/मरम्मत/रख–रखाव के दायित्व
(10) चिकित्सीय सुविधा, अवकाश के नियम, अनुमन्य विभिन्न प्रकार के अवकाश
(11) सेवानिवृत्ति– अधिवर्षता, स्वैच्छिक एवं अनिवार्य, शारीरिक अक्षमता के समय मिलने वाली सुविधायें
(12) सेवाकाल में कर्त्तव्यपालन के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को मिलने वाले विभिन्न लाभ एवं असाधारण पेंशन के नियम 07, 08, 09, 10
(13) आरक्षी के कर्त्तव्य एवं शक्तियाँ

प्रश्न पत्र–द्वितीय
पुलिस विज्ञान–प्रथम
(अपराध नियंत्रण, विवेचना, अभियोजन एवं पुलिस रेगुलेशन)

कालाँश–115 **पूर्णांक–125**

1–अपराध नियन्त्रण

1– बीट एवं गश्त व्यवस्था का परिचय।
2– अपराध निरोध में बीट व्यवस्था की भूमिका।
3– बीट बुक एवं उसका रख–रखाव।
- ➢ बीट कर्त्तव्य–दिन व रात्रि में।
- ➢ बीट कर्त्तव्य–शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में।
- ➢ बीट से वापसी के उपरान्त की जाने वाली प्रक्रियायें

4– गश्त के प्रकार, नियम व उपयोगिता।
5– ग्राम सुरक्षा समितियाँ एवं मोहल्ला सुरक्षा समिति का महत्व एवं उपयोगिता।
6– सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/लाईसेन्सी शस्त्र धारकों की सहायता प्राप्त करना तथा चौकीदारों से सहयोग प्राप्त करना।
7– दुश्चरित्र व्यक्तियों की जाँच एवं निगरानी एवं फ्लाईशीट भरना।
8– अजनबियों एवं दुश्ट चरित्र व्यक्तियों की नामावली तैयार करना।
9– अभिसूचना संकलन में आरक्षी की भूमिका।
10– अभिसूचना संकलन, भण्डारण, वर्गीकरण, विश्लेषण एवं निर्णय के तरीके, मुखबिरों (स्रोतों) को विकसित करना।
11– गतिशील चेकपोस्ट/नाकाबन्दी ड्यूटी।
12– अजनबियों/संदिग्धों से पूछतांछ तथा पूछतांछ का उचित एवं वैज्ञानिक तरीका।

2–विवेचना

1– प्रथम सूचना रिपोर्ट, ध्यान देने योग्य तथ्य (धारा 154, 155, द0प्र0सं0)।
प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाते समय बरती जाने वाली सावधानी के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण केस लॉ

- ➢ **ललिता कुमारी बनाम उ0प्र0 राज्य रिट याचिका संख्या (क्रिमिनल) 68/2008** मान0 उच्चतम न्यायालय ने निर्देशित किया है कि कुछ अपवादिक परिस्थितियों को छोड़कर थाने का भारसाधक अधिकारी संज्ञेय अपराध की सूचना प्राप्त होने पर थाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए बाध्य है।
- ➢ रिट पिटीशन संख्या–10792/2015 श्रीमती रीना कुमारी बनाम उ0प्र0 राज्य एवं अन्य (जनपद रामपुर), रिट पिटीशन संख्या–10756/2015 श्रीमती शाहिदा बनाम उ0प्र0 राज्य एवं 08 अन्य (जनपद–सहारनपुर) तथा प्रमुख सचिव, गृह (पुलिस) अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 2028पी छः–पु0–3–13(13)पी/15 दिनांकः 23.07.2015 के पत्र में अंकित रूपराम बनाम राज्य।

2– विवेचक के सहयोगी के रूप में आरक्षी के कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व
3– विवेचना का अभिप्राय, अन्तिम रिपोर्ट (एफ0आर0, सी0एस0)
4– अभियुक्त के अधिकार। (डी0के0 बसु)
5– अपराध घटना स्थल का अनुक्रम (SEQUENCE) तथा अपराध घटना स्थल को सुरक्षित एवं संरक्षित करना।
6– चोट ग्रस्त/पीड़ित व्यक्ति के साथ बर्ताव।
7– गिरफ्तारी कैसे सम्पन्न की जाये (क्रियात्मक अंश)– आज्ञापरक/प्रतिरोधी/आक्रामक व्यक्ति की गिरफ्तारी सम्पन्न किया जाना, किसी व्यक्ति के पास पहुंचने का तरीका, जामा तलाशी के नियम, हथकड़ियों का प्रयोग कैसे करें।
8– गिरफ्तारी/तलाशी मैमो तैयार करना।
9– निरोधात्मक कार्यवाही के प्रकार एवं अपराध नियन्त्रण में उनका महत्व।
10– सम्मन तामील करना एवं वारण्ट का निष्पादन करना।
11– अभियुक्त को सुरक्षित ले जाना एवं न्यायालय में प्रस्तुत करना।
12– अपेक्षित कागजी कार्यवाही सहित प्रदर्शों की पैकिंग, लेबलिंग व हैण्डलिंग किया जाना।
13– शव परीक्षण हेतु मृत शरीर को अस्पताल/मुर्दाघर ले जाना।
14– कार्यप्रणाली वर्गीकरण (Modus operandi)
15– विवेचना के दौरान पुलिस मुठभेड़ में मारे गये व्यक्ति की विवेचना के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण केस लॉ–**पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य** पुलिस एन्काउन्टर में मृत्यु एवं गंभीर चोटों के प्रकरणों में पुलिस द्वारा विवेचना में अपेक्षित कार्यवाही किए जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित दिशा–निर्देश।

3–अभियोजन

1. अभियोजन का तात्पर्य एवं महत्व।
2. जनपदीय न्यायिक व्यवस्था एवं न्यायालयों की शक्तियाँ।
3. अभियोगों की पैरवी में आरक्षी का योगदान।
4. रिमाण्ड व जमानत की प्रक्रिया में आरक्षी का योगदान।
5. पैरोल एवं परीवीक्षा की विधि तथा छूटे हुये व्यक्तियों की निगरानी।

4–पुलिस रेगुलेशन

क्र. सं.	विषय	प्रस्तावित पाठ्यक्रम
1	अध्याय 1– अधिकारियों की शक्तियाँ तथा कर्त्तव्य–वरिष्ठ अधिकारीगण	पैरा 1 से 17
2	अध्याय 5– सिविल पुलिस के सब इन्सपेक्टर और उनसे नीचे के पदाधिकारी, पुलिस स्टेशन का भारसाधक अधिकारी	पैरा 43, 44, 61, 62, 63, 64, 65

3	अध्याय 10– थाने मे की गयी सूचनाएं	पैरा 97 से 103
4	अध्याय 12– पंचायतनामा, शव परीक्षा और घायल व्यक्तियों का उपचार	पैरा 129 से 131, 133 से 135, 137, 139, 143 से 146
5	अध्याय 13– निग्रह करना, जमानत तथा अभिरक्षा में रखना	पैरा 147 से 155, 159 से 164
6	अध्याय 15– विशेष अपराध	धारा 174 से 178
7	अध्याय 17– पेट्रोल और पिकेट्स (गश्त तथा नाकाबन्दी)	पैरा 190 से 194
8	अध्याय 19– फरार अपराधी	पैरा 215 से 222
9	अध्याय 20– दुराचारियों के नाम रजिस्टर में अंकित करना और उनकी निगरानी	पैरा 223 से 275
10	अध्याय 22– अभिलेख और गोपनीयता दस्तावेज	अभिलेख और गोपनीयता दस्तावेज

नोटः क्र0सं0 09 से संबंधित केस लॉ–

खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (ए0आई0आर0 1963 मा0 सर्वोच्च न्यायालय पृष्ठ 1925) बिना किसी विधिक प्राधिकार के पुलिस कर्मियों द्वारा मात्र पर्यवेक्षण के नाम पर किसी व्यक्ति के घर में रात्रि के समय नियमित रूप से जाना और वहाँ जाकर उसकी उपस्थिति दर्ज करना स्पष्टतया उस व्यक्ति के जीवन व दैहिक स्वतंत्रता में एक अनुचित हस्तक्षेप है।

प्रश्नपत्र–तृतीय
पुलिस विज्ञान द्वितीय
(सुरक्षा, लोक व्यवस्था, आपदा प्रबन्धन, यातायात नियन्त्रण, पुलिस रेडियो एवं दूरसंचार, गार्ड ड्यूटी, बन्दी एस्कोर्ट, हवालात ड्यूटी)

कालाँश–110 **पूर्णांक–125**

1–सुरक्षा

(क) सामान्य सुरक्षा

1– सुरक्षा परिदृश्य का परिचय, आन्तरिक सुरक्षा के लिये चुनौतियाँ।
2– सन्देहजनक वस्तुओं को पहचानना एवं अनुवर्ती कार्यवाही।
3– संतरी एवं गार्द के कर्त्तव्य एवं पुलिस थाने व कैम्प की सुरक्षा।
4– वाहन की तलाशी (बाह्य कक्षीय प्रदर्शन एवं व्यावहारिक प्रयोग के साथ सामन्जस्य सहित), गुजरते हुये वाहनों एवं वस्तुओं का अवलोकन करना (व्याख्यान एवं अवलोकन के अभ्यास)

5– अपराधियों के विरूद्ध दबिश व तलाशी के सम्बन्ध में बरती जाने वाली सावधानियाँ–उचित रणकौशल।

6– आत्मसुरक्षा–उपकरण (बी0पी0 जैकेट, हैडगेयर आदि), फायरिंग रेंज।

(ख) वी0आई0पी0 सुरक्षा–

1– वी0आई0पी0 सुरक्षा का महत्व व उद्देश्य।

2– विभिन्न प्रकार के हमले व उनसे सुरक्षा।

3– कार्यक्रम स्थल, रास्तों, रूकने के स्थान पर, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के मानक/एक्स0, वाई0, जेड सुरक्षा श्रेणियाँ, व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी के कर्त्तव्य।

4– प्रवेश नियन्त्रण, एन्टी सैबोटाज चैक, सुरक्षा उपकरणों जैसे डीएफएमडी, एचएचएमडी, डीप सर्च मेटल डिटेक्टर, इन्वर्टिड मिरर आदि का प्रयोग (हैण्डलिंग)।

5– कॉनवॉय ड्यूटी।

6– पी.एस.ओ. ड्यूटी।

(ग) महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा–

1– महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का महत्व एवं उद्देश्य।

2– दुश्मन के तौर तरीकों का ज्ञान।

3– हवाई अड्डे, वायुयान, रेलवे, औद्योगिक संस्थान, सार्वजनिक महत्व के भवन एवं सीमायें।

4– पोस्ट प्रोटैक्शन ड्रिल।

(घ) विस्फोटकों का परिचय, प्रकार

1– विस्फोटकों का परिचय, प्रकार एवं उनके लक्षणों की पहचान (व्याख्यात्मक प्रदर्शन)।

2– डिटोनेटर, इसके प्रकार एवं पहचान (व्याख्यात्मक प्रदर्शन)।

3– विस्फोटकों को पहचान लेने के पश्चात् सावधानियाँ एवं सुरक्षात्मक कार्यवाही।

4– नियन्त्रण यंत्र विन्यास (कमाण्ड मैकेनिज्म)–तार, रिमोट कन्ट्रोल, टाईमर, दबाव, प्रकाश आदि (व्याख्यात्मक प्रदर्शन)।

5– आत्मघाती हमला/फिदाइन अटैक।

2–लोक व्यवस्था एवं बन्दोबस्त–

(क) लोक व्यवस्था

1–जन सहभागिता–

- लोक व्यवस्था निर्माण में आरक्षी की भूमिका एवं उत्तरदायित्व।
- लोक व्यवस्था बनाये रखने में जनता की भागीदारी, आवश्यकता एवं महत्व।

2–आतकंवादी, साम्प्रदायिक एवं अन्य हिंसा–

- आतंकवादी घटनाओं में पुलिस का उत्तरदायित्व।

- साम्प्रदायिक दंगों के दौरान पुलिस ड्यूटी–कर्त्तव्य एवं सावधानियाँ।
- हिंसक आन्दोलन, लोक जमाव/गोष्ठियाँ, विधि विरूद्ध जमाव (राजनैतिक, जातिगत, विद्यार्थी वर्ग, आदि के विवादों) पर नियन्त्रण।
- औद्योगिक एवं मजदूर वर्ग के विवादों के समय पुलिस व्यवस्था (बन्द, हड़ताल व प्रदर्शन) आदि।

3–भीड़ नियन्त्रण–

- भीड़ के प्रकार, मनोविज्ञान व व्यवहार।
- भीड़ नियन्त्रण की रणनीति, अभिसूचना संकलन, विधिक उपाय, परामर्श एवं मध्यस्थता।
- विभिन्न प्रकार की भीड़ व पुलिस बर्ताव विशेषकर उत्तेजित महिलाओं एवं बालकों से बर्ताव।

4–पुलिस अनुक्रिया (Police Response)

- शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ रोकथाम की कार्यवाही।
- आशंकित खतरे की रोकथाम हेतु धारा 144 दं0प्र0सं0 की कार्यवाही।
- हिंसक आन्दोलन अथवा जमाव को तितर–बितर करने के समय पुलिस बल प्रयोग करने के प्राविधान।
- न्यूनतम बल प्रयोग के सिद्धान्त, जिसमें पुलिस फायरिंग भी सम्मिलित है।
- दंगा नियन्त्रण योजना का ज्ञान एवं कार्यवाही।

(ख) बन्दोबस्त ड्यूटियाँ–

(1) मेला ड्यूटी–

- मेला क्षेत्रों में कान्स ना0पु0/सशस्त्र पुलिस एवं पी0ए0सी0 की नियुक्ति–कर्त्तव्य एवं दायित्व।
- यातायात, घुड़सवार, अग्निशमन पुलिस, संचार, वॉच टावर, पार्किंग इत्यादि की व्यवस्था।
- अपराधों की रोकथाम हेतु गश्त ड्यूटी एवं अभिसूचना संकलन हेतु विभिन्न स्रोतों का उपयोग।
- कुम्भ मेला 2013 के दौरान भगदड़ की केस स्टडी।

(2) त्यौहार ड्यूटी–

- त्यौहारों का प्रबन्ध व पुलिस की भूमिका।
- त्यौहारों पर कान्स0 ना0पु0/सशस्त्र पुलिस, पी0ए0सी0 की नियुक्ति–कर्त्तव्य एवं आचरण।
- संवेदनशील स्थानों पर ड्यूटी के दौरान सावधानियाँ तथा यातायात व्यवस्था करना।
- शान्ति भंग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करना।

(3) चुनाव ड्यूटी–

- मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को शांतिपूर्वक मतदान करने का वातावरण

प्रदान करना तथा अपने व्यवहार में निष्पक्षता रखना।

- बैलेट बॉक्स, वोटिंग मशीन व मतदान केन्द्र पर नियुक्त अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करना।
- मतगणना के समय ड्यूटी।
- चुनाव परिणामों के बाद विजय जुलूसों के समय शान्ति व्यवस्था ड्यूटी।

(4) सामान्य ड्यूटी

- पिकेट–आवश्यकता, प्रकार, एवं गार्द से भिन्नता।
- बाजारों में पिकेट व नाकाबन्दी।

3–आपदा प्रबन्धन

- आपदा प्रबन्धन में पुलिस की भूमिका।
- आपदा प्रबन्धन की जिला स्तरीय योजनायें।
- आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में अन्य विभागों से समन्वय।
- आपदा प्रबन्धन में गैरसरकारी संस्थाओं (एन0जी0ओ0) की भूमिका।
- बचाव एवं राहत की परिभाषा, प्रकार, उदाहरण, सामान्य तकनीकी, विभिन्न चरण, महत्ता, विभिन्न उपकरण, कार्ययोजना एवं उत्तरदायित्व।
- बाढ़ राहत कार्य में पुलिस एवं पी0ए0सी0 की भूमिका।
- अन्य आपदायें/बड़ी दुर्घटनायें–विस्फोट, अचानक भवन गिरना, औद्योगिक दुर्घटना, भगदड़ इत्यादि के दौरान कार्ययोजना एवं उत्तरदायित्व।
- सड़क, रेल एवं वायु दुर्घटनाओं के समय कार्ययोजना एवं पुलिस का उत्तरदायित्व।
- आग की घटनायें–अग्निशमन/बचाव कार्य।
- गम्भीर दुर्घटनाओं/आपदाओं के दौरान घटित होने वाले सामान्य अपराध तथा उसके नियन्त्रण हेतु पुलिस कार्यवाही।
- मॉक ड्रिल।
- **आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 (Disaster Management Act 2005)**
- **राज्य आपदा मोचन बल (S.D.R.F.) (State Disaster Response Force)**

4–यातायात नियन्त्रण–

- मोटर व्हीकल एक्ट (M.V ACT) के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध (सूक्ष्म सारांश)
- यातायात पुलिस संगठन एवं कार्य/कर्त्तव्य।
- यातायात नियन्त्रण की युक्तियाँ एवं उपकरण एवं उनका प्रयोग।
- सड़क सुरक्षा, उ0प्र0 में सडक दुर्घटना के कारण।
- यातायात चिन्ह एवं संकेत।
- यातायात उल्लंघन एवं चालान की प्रक्रिया।

- क्रासिंग पर यातायात विनियमित करना।
